6 राज्य 2 केंद्रशासित प्रदेश 22 संस्करण महानगर वर्ष 58 अंक 64 पृष्ठ : 20 मूल्य : सात रुपये

अमर उजाला

चैत्र नवरात्र... मां स्कंदमाता ...अपना शहर बरेली सोमवार, 23 मार्च 2026

PAGE NO: IV BOTTOM

शास्त्रीय गायन और वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी ने किया सराबोर

रिद्धिमा में शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति देते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार शाम आयोजित संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम के दौरान शास्त्रीय गायन और वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी ने श्रोताओं को प्रेम रस और भक्ति के आनंद से सराबोर कर दिया।

स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कार्यक्रम का शानदार आगाज इंस्ट्रूमेंट गुरुओं की टोली ने किया। इनमें सूर्यकांत चौधरी ने वायलिन, सुरेंद्र सिंह ने परकसन, विशेष सिंह ने गिटार, ऋषभ आशीष पाठक ने पखावज, दीपकांत जौहरी ने तबला, सीमा ने सितार, जेरिक अमन जेम्स ने कीबोर्ड एवं ड्रम और दीपक राना ने हारमोनियम पर अपनी सधी हुई प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इसके बाद गायन के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से जगत जननी की आराधना प्रस्तुत कर आध्यात्मिक वातावरण तैयार किया।

समारोह में गायन गुरुओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सात्विक मिश्रा और डॉ. वंदना दुग्गल खन्ना ने राग भैरवी में अपनी विशेष प्रस्तुति दी। गुरु प्रियंका ग्वाल ने सैंया निकल गए और हमारी अटरिया पे जैसे गीतों को स्वर दिया। सबसे यादगार प्रस्तुतियों में से एक इंदू परडल की रही। उन्होंने फिल्म कुदरत के प्रसिद्ध गीत 'हमें तुमसे प्यार कितना' को अपनी आवाज में गाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। इस दौरान दीपाली सक्सेना, ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता आदि मौजूद रहीं। संवाद